नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# IPL 2025 का काउंटडाउन शुरू, कौन किसे करेगा रिप्लेस ? RCB-CSK समेत देखे खिलाड़ियों की पूरी लिस्ट ।

Publisher

Published on 16 May 2025




## आईपीएल 2025 टूर्नामेटं 17 मई से दोबारा शुरू होगा. यहां जानिए कौन से खिलाड़ी भारत वापस नहीं आएंगे और उन्हे कौन रिप्लेस कर सकता है ?

17 मई से IPL 2025 का रोमांच दोबारा शुरू हो रहा है. टूर्नामेंट में प्लेऑफ स्टेज समेत अभी 17 मुकाबले बाकी रह गए हैं. पहले 25 मई को आईपीएल 2025 का फाइनल खेला जाना था, लेकिन भारत-पाक तनाव के कारण टूर्नामेंट को एक सप्ताह के लिए सस्पेंड कर दिया गया था. अब टूर्नामेंट 9 दिन आगे बढ़ गया है, जिसके कारण कई सारे विदेशी खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट शेड्यूल के कारण आईपीएल के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे. यहां आपको जानकारी मिलेगी कि किन टीमों ने अनुपलब्ध खिलाड़ियों का रिप्लेसमेंट घोषित कर दिया है और कौन सी टीमें ऐसी घोषणा जल्द कर सकती हैं.

**3 टीमों ने की बड़ी घोषणा**

अभी तक कुल 3 टीमों ने घोषणा करके बताया है कि उनका कौन सा खिलाड़ी IPL 2025 में वापस नहीं आएगा और उनका रिप्लेसमेंट कौन होगा. गुजरात टाइटंस की बात करें तो जोस बटलर लीग स्टेज में गुजरात के लिए सारे मैच खेलेंगे, लेकिन 26 मई से कुसल मेंडिस उनके रिप्लेसमेंट के तौर पर GT टीम से जुड़ जाएंगे.

पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण आईपीएल 2025 के बाकी टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं. उनकी जगह काइल जेमीसन ने ली है, जिन्हें 2 करोड़ रुपये मिलेंगे. वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव फिर से टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं, उनकी जगह न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विलियम ओ'रूर्के LSG स्क्वाड में शामिल हुए हैं.

**ये खिलाड़ी हो सकते है बांहर**

चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स IPL 2025 प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं. CSK के सैम कर्रन, रचिन रवींद्र बाकी मैचों से बाहर रह सकते हैं. वहीं RCB को बड़ा झटका लग सकता है क्योंकि जैकब बैथेल शायद टूर्नामेंट के सभी मैचों के लिए उपलब्ध नहीं रह पाएंगे. मिचेल स्टार्क को अभी कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन उनकी गैरमौजूदगी दिल्ली कैपिटल्स के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी कर सकती है.

पंजाब किंग्स के मार्को जानसेन भी प्लेऑफ के मैचों से बाहर रह सकते हैं. लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए प्लेऑफ की राह मुश्किल लग रही है, ऐसे में एडन मार्करम की अनुपलब्धता की वजह से LSG के प्लेऑफ के चांस और भी कम हो सकते हैं.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.